एक नजर में

अन्नकूट में प्रतिभाओं का सम्मान

उज्जैन। श्री महर्षि गौतम गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज उर्दूपुरा का अन्नकूट महोत्सव में समाजजनों व प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज उर्दूपुरा न्यास के अध्यक्ष पं. विजय शर्मा ने बताया बालाजी महाराज को अन्नकूट लगाकर महाआरती की गई। मंचीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों, प्रतिभाओं के साथ इस वर्ष समाज का अन्नकूट करने वाले मनोहर उपाध्याय, शशी जोशी का तथा आने वाले वर्ष में अन्नकूट कराने वाले शेलू जोशी के अलावा पं. जस्सू गुरु महाराज, राजेश शर्मा आदि का दुपट्टे, मोतियों की माला व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान अतिथि पंडित बुद्धि प्रकाश शास्त्री, गोपाल जोशी, मुकेश व्यास, योगेश तिवारी, विशाल मंडलोई, नीलेश शर्मा, ओम शर्मा, शिव मंगल तिवारी, संगीता शर्मा ने किया। संचालन मुकेश बटवाल ने किया व आभार जीवन तिवारी ने माना।

देवस्थान पर अन्नकूट महोत्सव 30 अक्टूबर को

उज्जैन। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शिरडी साईबाबा द्वारकामाई (अखण्ड धुनी) देवस्थान पर अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह 30 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। महाकाल मार्ग गुदरी चौराहा पर चौबीस खम्बा माता मंदिर के पीछे स्थित श्री शिरडी साईबाबा द्वारकामाई अखण्ड धुनी देवस्थान पर सच्चिदानन्द सदगुरु श्री साईनाथ महाराज अन्नकूट महोत्सव दर्शन सायं 6 बजे से प्रारंभ होंगे। वहीं श्री साईबाबा भजन संध्या सायं 7 बजे से प्रारंभ होगी साथ ही सच्चिदानन्द सद्गुरु श्री साईनाथ महाराज अन्नकूट महाआरती सायं 7.30 बजे होगी। महाआरती के पश्चात् अन्नकूट महोत्सव महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। श्री सांईधाम समिति (रजि.) उज्जैन एवं श्री शिरडी साईबाबा द्वारकामाई (अखण्ड धुनी) देवस्थान एवं समस्त साईभक्त एवं धर्मालुजन ने श्री शिरडी साईबाबा के परम भक्त एवं साधक साई नरेशानंद महाराज शिरडी वासी के सानिध्य में होने वाले महोत्सव में परिवार व ईष्टमित्रों सहित पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है। साथ ही निवेदन किया कि सच्चिदानन्द सद्गुरु साईनाथ महाराज के अन्नकूट महोत्सव हेतु भोग प्रसादी अपने घरों से या दुकान से कही से भी लाएं स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रख सद्गुरु को अर्पित करें एवं तैयार भोग प्रसादी 30 अक्टूबर गुरुवार को सायं 5 बजे तक मंदिर पर अर्पण करें। सुखी किराना सामग्री जैसे दाल, चावल, आटा, बेसन, शक्कर, तेल, घी, रखा एवं मसाले यथा शक्ति, यथा भक्ति सहयोग कर धर्मलाभ अर्जित करें।

कार्तिक मेला आयोजन समितियों की बैठक

उज्जैन। कार्तिक मेला 2025 आयोजन समिति की बैठक सोमवार को नगर निगम बैठक कक्ष में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य की उपस्थिति में विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल एवं सहयोगियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया कि कार्तिक मेला हमारी सांस्कृतिक परम्परा की धरोहर है। जिसका आयोजन गरीमा पूर्ण होना चाहिए मेले में शासन की विभिन्न योजनाओं, उज्जैन नगर निगम द्वारा किए जा कार्यों, नवाचारों स्वच्छता से संबंधित कार्यों आदि से सम्बंधित प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही कार्तिक मेले में सुरक्षा की दृष्टि से नगर निगम द्वारा 3 करोड़ का सुरक्षा बीमा भी करवाया गया है। कार्तिक मेला 4 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित होगा। जिसमें समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं शुभारंभ से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाए। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, कंट्रोल रूम, प्रकाश व्यवस्था, फायरफाइटर वाहन, चालित शौचालय, पेयजल, नियंत्रण कक्ष, शिफ्ट के अनुसार कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी प्रत्येक दुकानों पर फायर सेफ्टी उपकरण सुनिश्चित हो इस बात का ध्यान रखा जाए। बैठक में भूमि आवंटन, पार्किंग, दुकान आवंटन, अस्थाई निर्माण सजावट, सिद्धवट मेला, स्वास्थ्य, स्वच्छता जन जागरूकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल, झूला उपकरण तकनीकी, प्रदर्शनी निर्माण एवं सजावट, पशु मेला इत्यादि समितियां के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

इंदौर संभाग ने जीती ऑल ओवर चैंपियनशिप

उज्जैन। क्षीरसागर स्टेडियम स्थित कुश्ती एरिना में 23 अक्टूबर से खेली जा रही पांच दिवसीय प्रतियोगिता समारोहपूर्वक संपन्न हुई। समापन कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री पारसचंद्र जैन थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उज्जैन नीतेश भार्गव, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, संभाग उज्जैन रमा नाहटे, जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा, सहायक संचालक क्रीड़ा राम सिंह बनिहार, पुरूषोतम टेलर आदि भी मंचासीन थे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन व माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत आनंद शर्मा व जिला क्रीड़ा अधिकारी पूरालाल शर्मा ने किया। श्रीगणेश वंदना की प्रस्तुति शासकीय उमावि धानमंडी की छात्राओं ने दी। बोसोन इंटरनेशनल स्कूल व ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जैन ने संबोधन में कहा कि उनके द्वारा चर्चित फिल्म दंगल का प्रदर्शन प्रदेश में टैक्स फ्री कर कराया गया था जिससे कि छात्र खिलाड़ी प्रेरणा लेकर कुश्ती जैसे पारंपरिक विधा से जुड़ सकें। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। जैन ने प्रतियोगिता के समापन की विधिवत घोषणा भी की। इसके पश्चात अतिथियों ने ध्वजावतरण किया गया। प्रचार प्रसार समिति के अमितोज भार्गव एवं असीम पांड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पांच दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता में आल ओवर चैंपियनशिप में इंदौर संभाग विजेता तथा उज्जैन संभाग उपविजेता रहा। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र व्यास ने किया तथा आभार पूरालाल शर्मा ने माना।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के लिए कार्यक्रम जारी

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का आयोजन इसी माह की 9 अक्टूबर की तिथि से 60 दिवस तक चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता, क्षमता निर्माण, नशा मुक्ति जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जिले में निरंतर किया जा रहा है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में तम्बाकू का उपयोग अत्यधिक बीमारियों और मौतों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। परिणाम स्वरूप प्रति वर्ष लाखों मौतें हो रही है। इसी दृष्टि से प्रदेश में ग्लोबल एडल्ट टोबेको सर्वे 2019 के अनुसार भारत में 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 3.9 प्रतिशत (4.4 प्रतिशत बालक एवं 3.5 प्रतिशत बालिका) विद्यार्थी तम्बाकू का उपयोग करते है, जो कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मधुमेह, दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक और मुख संबधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एक प्रमुख कारण हैं।

29 को नागदा में शिविर आयोजित होगा

उज्जैन। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित होंगे। बुधवार 29 अक्टूबर को सिविल अस्पताल नागदा में शिविर आयोजित होगा। ये शिविर जिले के सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है। शिविरों में मनोरोग चिकित्सक द्वारा जांच एवं उपचार की सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने इस संबंध में बताया कि 30 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ोन, 03 नवंबर को सिविल अस्पताल बड़नगर, 04 नवंबर को सिविल अस्पताल महिदपुर,06 नवंबर को सिविल अस्पताल तराना, 07 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया, 08 नवंबर को सिविल अस्पताल जीवाजीगंज उज्जैन तथा 10 नवंबर को सिविल अस्पताल माधवनगर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

माता सीता ने भी किया था छठ पूजन, आज विक्रम सरोवर पर उमड़ेगा सैलाब

विक्रम सरोवर पर आज सूर्य को अर्ध्य देंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

आत्मनिर्भर भारत संकल्प संगोष्ठी में भी शामिल होंगे

निगम ने ताबड़तोड़ तैयारी कर सड़क और डोम बनाया

उज्जैन। पूर्वांचल और बिहार का प्राचीन परंपरागत छठ पूजन त्यौहार महाकाल की नगरी उज्जैन में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। पांच दिवसीय यह पर्व प्रसिद्ध मोक्षदायिनी मां शिप्रा के तट से लेकर विक्रम सरोवर तक मनाया जा रहा है जिसमें आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे।

आज मंगलवार को धर्मनगरी उज्जैन में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री शिरकत करेंगे। वे सुबह-सुबह विक्रम सरोवर पर आयोजित होने वाले आस्था के महापर्व छठ पूजा में शामिल होकर व्रतियों को शुभकामनाएं देंगे। जिसके बाद वे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की संगोष्ठी में भाग लेंगे। दरअसल आज आस्था के महापर्व छठ पर विक्रम सरोवर पर मुख्यमंत्री भी पहुंचेंगे। इसमे सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अंतिम दिन, यानी उगते सूरज को अर्ध्य देने के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति खास रहेगी।

कालिदास अकादमी में आत्मनिर्भर भारत पर संगोष्ठी कार्य काम भी रखा गया है। छठ पूजा के कार्यक्रम के तुरंत बाद मुख्यमंत्री राजनीतिक और वैचारिक मंच पर उपस्थित होंगे। भाजपा नगर द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान संगोष्ठी के तहत दक्षिण विधानसभा के सम्मेलन में बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस संगोष्ठी में मुख्यमंत्री देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संकल्प पर मार्गदर्शन देंगे।

इस्कॉन तिराहे के सामने विक्रम सरोवर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को प्रात: विक्रम सरोवर पर आयोजित मुख्य छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे ठीक 8 बजे पहुंचकर पूजन-अर्चन करेंगे। इस दौरान वे छठ मैया के पुजन करने आये भक्तों को संबोधित भी करेंगे। उज्जैन नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में विक्रम सरोवर को छठ पूजा के लिए भव्य रूप से तैयार किया गया है। यहां ताबड़तोड़ रोड का निर्माण किया गया है और एक विशेष डोम तैयार किया गया है। घाट को रंग-रोगन कर पूर्वांचल और बिहार की तरह छठ पूजा के लिए सजाया गया है। छठ मैया की यह पूजा देश में सुख, समृद्धि, शांति और परिवार में धन-वैभव के लिए की जाती है। सुबह 4 से 5 बजे के बीच ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। परंपरा अनुसार छठ पूजन रामायण और महाभारत काल से चला आ रहा है छठ मैया सूर्य देवता की बहन है और माता सीता ने सबसे पहले छठ पूजन किया था। तभी से भारत में छठ पूजन की परंपरा चली आ रही है। सुहागिन माताएं बहनें इस पर्व का व्रत करती है उगते सूर्य से लगाकर डूबते सूर्य को अर्ध्य देने की परंपरा है। पानी में नदी के बीचों-बीच खड़ी होकर महिलाएं यह व्रत और पूजन करती है।

आबकारी विभाग ने होटल ढाबों की चैकिंग में 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

उज्जैन। राज्य शासन द्वारा 1 अप्रैल 2024 से नगर निगम क्षेत्र में स्थित मदिरा दुकानों, बार, वाईन आउटलेट को बंद किया जाकर मदिरा का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।

प्रतिबंधित क्षेत्र में मदिरा के अवैध भंडारण विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण को दृष्टिगत प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी निधि जैन द्वारा जिले के कार्यपालिक बल की प्रथक प्रथक टीम गठित की गई। कलेक्टर जिला उज्जैन रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में जिले की नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित होटल ढाबों की लगातार चेकिंग की जा रही है। साथ ही उज्जैन की ओर आने वाले वाहनों को लगातार चेक किया जा रहा है। इसी तारतम्य 26 अक्टूबर को रात्रि में नगर निगम सीमा तथा उससे सटे हुए क्षेत्र में स्थित होटल ढाबों की चैकिंग के दौरान, शाही दरबार ढाबा, कुक्की दा ढाबा, महाकाली ढाबा एंड रेस्टोरेंट, सिगड़ी ढाबा एंड रेस्टोरेंट, शांति ढाबा एंड रेस्टोरेंट, चुल्हा चौका ढाबा, अपना ढाबा एंड रेस्टोरेंट आदि में विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महाकाली ढाबा एंड रेस्टोरेंट में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 (ए) का 01 प्रकरण और 36 (बी) के 02 प्रकरण, शांति ढाबा एंड रेस्टोरेंट में 36 (ए) का 01 प्रकरण और 36 (बी) के 03 प्रकरण, चुल्हा चौका ढाबा में 36 (ए) का 01प्रकरण और 36 (बी) के 02 प्रकरण में कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 36 (ए) एवं 36 (बी) के कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से शराब के अवैध कब्जा परिवहन संग्रहण एवं बिक्री करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। उक्त कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक हिंमाशु अग्रवाल द्वारा की गई। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी मुकेश रंधा ने बताया कि उक्त कार्रवाइयां आगे भी लगातार जारी रहेगी।

मोडिफाइड साइलेंसरों पर पुलिस ने चलाया रोड रोलर

यातायात पुलिस ने 50 दो पहिया वाहनों से किए थे जब्त

उज्जैन। दो पहिया वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़कों पर दौड़ने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए। 50 से अधिक साइलेंसरों पर सोमवार दोपहर रोड रोलर चला दिया गया। पिछले कुछ महीनो में पुलिस की यह तीसरी कार्रवाई रही।

यातायात और थाना पुलिस द्वारा पिछले कई दिनों से अभियान चला कर शहर में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर बुलेट और बाइक दौड़ने वालों की घर पकड़ की जा रही थी। 50 से अधिक चालकों को पकड़ने के बाद उनके मोडिफाइड साइलेंसर को जब्त किया गया और चालानी कार्रवाई की गई। जब्त साइलेंसर की कीमत 5 लाख रुपये के लगभग थी। जिन्हें सोमवार दोपहर टावर चौक पर रोड रोलर चलकर नष्ट किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश भार्गव के नेतृत्व में हुई कार्रवाई को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर में बुलेट वाहनों में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वालों के खिलाफ यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। पुलिस ने पिछले डेढ़ माह में 50 वाहनों से अवैध सायलेंसर जब्त किए थे। इन साइलेंसर की आवाज न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण का कारण बनती है। बल्कि कई बार जानलेवा हादसों का भी खतरा पैदा करती है। उन्होंने बताया कि कई युवा अपने वाहनों में पटाखों जैसी आवाज निकालने वाले साइलेंसर लगवाते हैं, जिससे राहगीरों और बुजुर्गों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए यह लगातार चलने वाला अभियान है। ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार और विक्रम सिंह कनपुरिया ने बताया कि इस कार्रवाई में एक वाहन से जब्त हूटर सहित 50 सायलेंसर को नष्ट किया गया। इससे पहले 3 अप्रैल 2024 को लगभग 12 लाख रुपए कीमत के 110 सायलेंसर, और 20 अक्टूबर 2024 को 15 लाख रुपए कीमत के साइलेंसर नष्ट किए गए थे। अब तक कुल 32 लाख रुपए से अधिक मूल्य के मॉडिफाई साइलेंसर पुलिस द्वारा नष्ट किया जा चुका है।

12 साल से लापता वृद्ध छत्तीसगढ़ में मिला

उज्जैन। 12 साल पहले महाकाल दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा में आया श्रद्धालु गंगाधर पिता साधुराम निवासी ग्राम छींदनार थाना गीदम, जिला दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) लापता हो गया था। भाई शकुलधर ने थाना महाकाल थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लापता श्रद्धालु के नहीं मिलने पर तत्कालीन जिला दांतीवाड़ा कलेक्टर ने उज्जैन पुलिस अधीक्षक को वर्ष 2013 में गुमशुदा गंगाधर को खोज के लिए पत्र लिखा था। लेकिन लापता श्रद्धालु का पता नहीं चल पाया था। 27 जुलाई 2013 से लंबित गुमशुदा मामले की फाइल को फिर से खोला गया और लापता श्रद्धालु की तलाश के लिए तकनीकी माध्यमों से छत्तीसगढ़ के जिला दंतेवाड़ा से संपर्क स्थापित किया गया। गांव छींदनार के सरपंच योगेश कुमार शुक्ला से चर्चा करने पर ज्ञात हुआ कि गुमशुदा गंगाधर पिता साधुराम वर्तमान में अपने गांव में सुरक्षित रह रहे हैं। परिवार से संपर्क करने पर पुत्री मालती ने बताया कि वर्ष 2013 में पिताजी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा में उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए गए थे। जहां से दर्शन के बाद वे भटक गए थे। भटकते हुए वे राजस्थान पहुंचे और नागौर के पास स्थित एक गौशाला में कार्य करने लगे। लगभग 5 वर्षों तक वे वहीं रहे। गौशाला संचालक ने छत्तीसगढ़ की एक ट्रैक्टर एजेंसी से संपर्क किया और जानकारी मिलने पर पिताजी को गांव वापस लाया गया। तब से वे परिवार के साथ ही रह रहे हैं। 12 साल पहले लापता हुए बुजुर्ग के सुरक्षित और स्वस्थ मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने अपने यहां दर्ज गुमशुदा मामले को समाप्त कर दिया। लापता का पता लगाने में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल और एएसआई चंद्रभान सिंह चौहान का सहयोग रहा।

चौहान तथा ठाकुर का अभिनंदन किया

उज्जैन। श्री महाकाल प्रॉपर्टी ब्रोकर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीतेंन्द्रसिंह चौहान तथा सचिव शैलेन्द्रसिंह ठाकुर का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, अभिषेकसिंह बैस एवं मलखानसिंह दिखित, अनिलसिंह राजपूत, प्रतापसिंह राठौर आदि ने साफ़ा बांधकर,माला, पुष्पमाला,सरोपा तथा शाल, श्रीफल से अभिनंन्दन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि एसोसिएशन के लगभग 700 सदस्य हैं।

जिले में औसत 6.1 मिमी वर्षा दर्ज

उज्जैन। कलेक्टर कार्यालय भूअभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान उज्जैन जिले में औसत 6.1 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान जिले की उज्जैन तहसील में 11 मि.मी., घट्टिया में 6 मि.मी, खाचरौद में 12 मि.मी., नागदा में 7 मि.मी., बडनगर में 3 मि.मी, झार्डा में 2 मि.मी., तराना में 12 मि.मी और माकडौन में 2 मि.मी. वर्षा हुई है। जिले में अभी तक कुल 874.4 मि.मी वर्षा हो चुकी है।

गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित किया जाएगा

महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने मिनी टिपर वाहन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

उज्जैन। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत सोमवार को ग्रांड होटल से सीएसआर गतिविधि अंतर्गत कोका-कोला कंपनी से प्राप्त 4 नवीन मिनी टिपर वाहनों का शुभारंभ महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस वाहन की विशेषता यह है कि यह छोटी एवं तंग गलियों में आसानी से पहुंच सकेगा। जिससे कोई भी घर अब गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने से वंचित नहीं रहेगा यह वाहन गलियों में सायरन बजाते हुए डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने का कार्य करेगा। इस दौरान एमआईसी सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सत्यनारायण चौहान, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, वर्क शॉप प्रभारी रवि राठौर, उपयंत्री कृष्णा भूरिया एवं कोको कोला कंपनी के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्तिक मेला ग्राउंड का निरीक्षण

उज्जैन। 04 नवंबर से 03 दिसंबर तक क्षिप्रा नदी के तट पर प्रतिवर्ष अनुसार लगने वाले परंपरागत कार्तिक मेले का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जाएगा। आयोजन की व्यवस्था हेतु सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निगम अधिकारियों के साथ कार्तिक मेला आयोजन स्थल का निरीक्षण किया जाकर शुभारंभ से पूर्व समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। कार्तिक मेला अंतर्गत इस बार अमरनाथ गुफा एवं फिश टनल आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्तिक मेला अंतर्गत दुकानों के निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है एवं झूले लगने का कार्य भी जारी है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य रजत मेहता, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, प्रदीप सेन उपस्थित रहे।

विस्थापितों का पंवासा में पुनर्वास करेंगे

उज्जैन। आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत मास्टर प्लान के अनुरूप शहर के विभिन मार्गों पर चौड़ीकरण कार्य प्रचलित है। अत: ऐसे भवन स्वामी जिनके भवन पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहे हैं उन्हें उज्जैन नगर निगम द्वारा पंवासा में नगर निगम की भूमि पर ईडब्ल्यूएस कॉलोनी विकसित करते हुए पुनर्वास किये जाने की योजना प्रस्तावित है। योजना के तहत पंवासा में ऐसे 508 ईडब्ल्यूएस भूखण्ड आवंटित किये जायेंगे। महापौर मुकेश टटवाल ने योजना के तहत प्रभावित लोगों को उक्त भूखण्ड पर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत या मध्यप्रदेश शासन की अन्य योजना के तहत भवन निर्माण कार्य हेतु 2.50 लाख आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का मुख्यमत्रीं डॉ. मोहन यादव से अनुरोध किया है तथा इस आशय का एक पत्र भी प्रेषित किया है।

पतासी का ठेला लगाने वाले युवक ने खाया जहर, मौत

उज्जैन। सब्जी लेने का बोलकर घर से निकला युवक वापस जहर खाकर लौटा। पत्नी ने हालत बिगड़ी देखी तो जेठ को घर बुलाया। युवक को अस्पताल लाया गया जहां तड़के 4 बजे उसकी मौत हो गई। पंवासा स्थित मक्सी रोड पर रहने वाला विजय पिता शोभाराम कुशवाहा 26 साल क्षेत्र में ही पानी पतासी का ठेला लगाता था। बीती शाम घर से सब्जी लेकर आने का बोलकर निकला था। रात 10.30 बजे घर लौटा और उल्टियां करने लगा। पत्नी पूजा ने पूछा तो जहर खाने की बात कही। पूजा ने अपने जेठ संजय को बुलाया और विजय को निजी अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर ने उपचार के लिए भर्ती किया लेकिन करके 4 बजे विजय की मौत हो गई। सोमवार सुबह पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का कहना था कि विजय दो बच्चों का पिता था और कोई परेशानी नहीं थी उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस में मामले की जांच के बाद ही जहर खाने की वजह सामने आने की बात कही है। मृतक के मोबाइल की जांच की जाएगी और परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

भ्रमण पर निकले बाबा | **पालकी में मनमहेश, कार्तिक में श्रद्धालु की भीड़ कम, अच्छे से दर्शन**

पहली बार मंदिर के बैंड के साथ निकली भगवान महाकाल की अगहन मास की सवारी

नवभारत न्यूज

उज्जैन। कार्तिक में सोमवार को भगवान महाकाल की सवारी पहली बार मंदिर समिति के बैंड की प्रस्तुति के साथ निकली। सभामंडप में शाम 4 बजे शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम गुरु ने पूजन कराया। कलेक्टर रोशन सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा शामिल हुए।

चांदी की पालकी में मन महेश रूप में महाकाल ने दर्शन दिए। पुलिस का बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां भी शामिल थी। सवारी शिप्रा तट पहुंची जहां मॉ शिप्रा के जल से पुजारी आशीष गुरु ने अभिषेक कराया। गणगौर दरवाजा से सवारी के नीच कार्तिक चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी से पुन: महाकाल मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। कार्तिक की दूसरी सवारी 3 नवंबर को निकलेगी। इसके बाद तीसरी सवारी 10 नवंबर, चौथी सवारी 17 नवंबर को आएगी।

महाकाल के पुरोहितों ने किया भर्तृहरि गुफा के महंत का सम्मान

महाकाल मंदिर के पुरोहितों ने भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज का स्वागत सम्मान किया। महाकाल मंदिर की पुरोहित समिति के अध्यक्ष पंडित लोकेंद्र व्यास, सचिव पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर पुरोहित समिति ने नगर के वरिष्ठ साधु-संतों के सम्मान का निर्णय लिया था। इसके अंतर्गत नगर के साधु-संतों में प्रमुख रूप से पुरोहित मंडली ने भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर पर पहुंचकर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज का भी दुपट्टा ओढ़ाकर, मिठाई भेंट कर स्वागत, सम्मान किया व उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। पुरोहित शिवम शर्मा, आदेश शर्मा, नीरज गुरु, पवन गुरु, आशु गुरु सहित बड़ी संख्या में पुरोहितगण उपस्थित रहे।

क्रिकेटर श्रीकांत ने की भस्मारती

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे कृष्णम्माचारी श्रीकांत सोमवार को उज्जैन पहुंचे व अल सुबह महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए। अपने दौर में सुनील गावसकर जैसे बेटसमेन के साथ जोड़ी बनाने वाले खिलाड़ी श्रीकांत सुबह 4 बजे मंदिर पहुंचे थे।